पादप उत्तक

1. वह उत्तक जो द्वितीयक वृद्धि के लिए उत्तरदायी है–
(अ) जाइलम (ब) फ्लोएम
(स) कैम्बियम (द) कार्टेक्स
उत्तर : (स)

2. व्यापारिक कॉर्क प्राप्त होती है–
(अ) जाइलम से (ब) फ्लोएम से
(स) कॉर्क कैम्बियम से (द) संवहन कैम्बियम से
उत्तर : (स)

3. पौधों में 'फ्लोएम' मुख्यतः उत्तरदायी है–
(अ) आहार वहन के लिए
(ब) अमीनों अम्ल वहन के लिए
(स) ऑक्सीजन वहन के लिए
(द) जल वहन के लिए
उत्तर : (अ) UPPCS 2013

4. पेड़–पौधों में 'जाइलम' मुख्यतः उत्तरदायी है–
(अ) आहार वहन के लिए
(ब) अमीनों अम्ल वहन के लिए
(स) जल वहन के लिए
(द) ऑक्सीजन वहन के लिए
उत्तर : (स)

5. एक वृक्ष की आयु का पता किसके द्वारा लगाया जा सकता है ?
(अ) इसकी ऊँचाई माप करके
(ब) वार्षिक वलयों की गिनती करके
(स) शाखाओं की संख्या गिन कर
(द) आयु मापने का कोई तरीका नहीं है
उत्तर : (ब) SSC 2012

6. वायुतक (Aerenchyma) पाया जाता है–
(अ) लिथोफाइट्स में (ब) हाइड्रोफाइट्स में
(स) जीरोफाइट्स में (द) मीसोफाइट्स में
उत्तर : (ब)

7. आर्किड (Orchid) में विलामेन उत्तक पाया जाता है ?
(अ) प्ररोहों में (ब) मूलों में
(स) पत्तियों में (द) पुष्पों में
उत्तर : (ब)

8. निम्न में से किसकी सक्रियता के कारण वृद्धि वल्य बनती है ?
(अ) अन्तः रम्भीय एधा की
(ब) अंतविष्ट एधा की
(स) बाह्यरम्भीय एधा की
(द) प्राथमिक एधा की
उत्तर : (अ)

9. एक वृक्ष के पुराने तने की अनुप्रस्थ काट में 50 वार्षिक वलय मिलते हैं, तो वृक्ष की आयु होगी–
(अ) 25 वर्ष (ब) 49 वर्ष
(स) 50 वर्ष (द) 100 वर्ष
उत्तर : (स)

10. समुद्र के किनारे उगने वाले वृक्षों में वार्षिक वलय नहीं होते हैं, क्योंकि–
(अ) भूमि बलुई होती है
(ब) जलवायवीय विभिन्नता होती है
(स) स्पष्ट जलवायवीय विभिन्नता नहीं होती है
(द) वायुमण्डल में प्रचुर नमी होती है
उत्तर : (स)

11. शीर्षस्थ विभाज्योतक उत्तरदायी होता है–
(अ) लम्बाई में वृद्धि के लिए
(ब) मोटाई में वृद्धि के लिए
(स) मृदुतक में वृद्धि के लिए
(द) वल्कुट में वृद्धि के लिए
उत्तर : (अ)

12. रंध्रों की संख्या न्यूनीकृत होती है तथा धंसे होते हैं–
(अ) समोदभिदों में (ब) लवणोंदभिदों में
(स) जलोदभिदों में (द) मरूदभिदों में
उत्तर : (द)

13. शाखाओं से पत्तियाँ झड़ जाती है, निम्न के कारण से–
(अ) अपना जीवन काल पूर्ण करने से
(ब) वायुमंडलीय तापमान में गिरावट से
(स) कॉर्क के बाहर विलगन परत बन जाने से
(द) दैनिक काल के छोटा हो जाने से
उत्तर : (स)

14. विलामेन की आवश्यकता होती है–
(अ) पौधों में श्वसन के लिए
(ब) उतकों की सुरक्षा के लिए
(स) नमी के अवशोषण के लिए
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

15. पार्श्व विभाज्योतक उत्तरदायी होता है–
(अ) लम्बाई में वृद्धि के लिए
(ब) मोटाई में वृद्धि के लिए
(स) मृदुतक में वृद्धि के लिए
(द) वल्कुट में वृद्धि के लिए
उत्तर : (ब)

16. जलोदभिद निम्न में से किसकी उपस्थिति के कारण जल पर तैरते हैं ?
(अ) वायुतक (ब) मृदुतक
(स) हरित ऊतक (द) दृढ़ोतक
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

17. एक काष्ठीय पौधे की आंतरिक छाल का मुख्य कार्य क्या होता है ?
(अ) जड़ों से पत्तियों को खनिज और जल का परिवहन करना
(ब) एक झिल्ली की तरह कार्य करना जो जल और गैस के प्रति अपारगम्य है
(स) पत्तियों से पौधों के अन्य भागों को खाद्य परिवहन करना
(द) पौधों की शाकभक्षी जन्तुओं से रक्षा करना
उत्तर : (स) NDA 2011

18. वाणिज्यिक मूल्य वाला कॉर्क किससे प्राप्त होता है ?
(अ) सीड्स देवदार (ब) साइकस
(स) फाईकस (द) क्वेर्कस
उत्तर : (द) SSC 2015

19. निम्नलिखित में से किस एक भारतीय वैज्ञानिक ने पादपों में जल की लम्बी दूरी के अभिगमन का सिद्धांत प्रस्तुत किया ?
(अ) जे.सी. बोस (ब) बीरबल साहनी
(स) पी. माहेश्वरी (द) एन.एस. परिहार
उत्तर : (अ) NDA 2011

www.rajstudents.com